भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 798 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024/4 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

वास्को-डी-गामा में नई फिशिंग जेट्टी

†798. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की वास्को-डी-गामा, गोवा में एक नई फिशिंग जेट्टी बनाने की कोई योजना है क्योंकि वर्तमान फिशिंग जेट्टी जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है और गिरने के कगार पर है;
(ख) क्या सरकार की अन्य कार्गो के लिए वास्को- डी-गामा, गोवा में फिशिंग जेट्टी के अलावा अन्य जेट्टी के निर्माण की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार की वास्को-डी-गामा, गोवा में क्रूज जहाजों के लिए पर्यटन संबंधी जेट्टी बनाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी, हाँ। मुरगांव पत्तन प्राधिकरण (एमओपीए), गोवा सरकार और नौका मालिक संघ के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार, वास्को की खाड़ी में एक फिशिंग हार्बर की योजना बनाई गई है।

(ख): जी, हाँ। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, एमओपीए पर एक यात्री जेट्टी और एक तटीय कार्गो बर्थ तथा वास्को की खाड़ी में भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक हेतु समर्पित बर्थों की योजना बनाई गई है।

(ग): जी नहीं।

*****